तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025



13 लोक मंजीरा चिन्हारी की प्रस्तुति ने मोहा मन,...





12 वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के परिणाम पर संदेह ...






## खबर संक्षेप

### मुस्लिम जमात ने पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजे 100786 रुपए



**भाटापारा।** कांग्रेस नेता शादाब जालियावाला ने बताया की गुरु तेग बहादूर जी कि 350 वर्ष जयंती पर सिख समाज द्वारा निकाली गई यात्रा का मुस्लिम जमात ने फूलो बरसाकर स्वागत किया और पंजाब बाढ़ में पीड़ित परिवारो के लिए 100786 रुपये भेजे। शादाब ने बताया हमको बहुत खुशी है की इस अच्छे नेक कम में मुस्लिम जमात के बड़े से छोटे बच्चो ने हिस्सा लिया इसके लिए मैं सबको मुबारकबाद भी देता हूँ । छत्तीसगढ़ सिख समाज ने बताया की मुस्लिम जमात की तरफ़ से जो 100786 भेट की गया है वो सही जगह जाएगा। इस अवसर पर जमील ख़ान हाजी इक़बाल क़दर मेमन रफ़ीक़ जलियावाला समा ख़ान मोलना क़ुरैशी सलीम ख़ान इरफ़ान मेमन रफ़ीक़ खोखर इद्रिश क़ुरैसी उमर बठिया अहमद हुसैन मोईन ख़ान उपस्थित रहे।

### झेरिया यादव समाज का अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह 14 को





**बगबुड़ा।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 के बैनर तले जिला बलौदाबाजार (ग्रामीण) का एक दिवसीय अभिनंदन एवं शपथ ग्रहण समारोह 14 अक्टूबर 2025, मंगलवार को दोपहर 2 बजे से नया बस स्टैंड लवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि होंगे तथा अध्यक्षता झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव करेंगे।
अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव व सविता भीम यादव सहित अनेक ▸▸ शेष पेज 13 पर

# रवान में स्वच्छता भगवान भरोसे, संक्रामक बीमारी का खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रवान

ग्रामीण अंचल क्षेत्र में ग्राम पंचायत रवान में स्वच्छता अभियान को नजर अंदाज किया जा रहा है। शासन द्वारा साफ सफाई के लाखों रुपए आता है, ग्राम पंचायत भवन के पास मुख्य मार्ग मेन रोड बोगियां तालाब जाने रास्ते पर बाजार चौक, महामाया चौक, मेन रोड के किनारे भी कचरा पटा पड़ा है, वही शासन द्वारा साफ सफाई पंचायत को स्वच्छ भारत मिशन के रिक्शा दिया गया है,पंचायत के पास जंग खाते पडा हुआ है । यहां ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि साफ सफाई पर ध्यान नहीं दे रहे है।

जहां-तहां कचरे के ढेर लगे हुए है, जिससे संक्रमण का खतरा भी बना रहता है। मुख्यालय के नजदीकी ग्राम पंचायतों में सफाई समय-समय पर नहीं कराई जा रही है। यहां लापरवाही व उदासीनता के चलते कचरों का अंबार लग रहा है। कचरा घर के बाहर और मार्ग किनारे कचरे के ढेर संक्रमण को न्यौता दे रहे है। ग्राम पंचायत रवान में ग्राम से निकलने वाले कूड़ा कचरा के निष्पादन के लिए कचरा घर की उचित व्यवस्था पंचायत द्वारा बनाई गई। जिससे ग्राम के मार्ग किनारे और ग्राम में गंदगी न फैल सके। इसके साथ ही ग्राम में कुछ स्थानों को छोड़कर नालियां भी बनाई गई है, लेकिन कचरे निष्पादन और नालियां होने के बावजूद कचरा घर औचित्यहीन साबित हो रहे है। ग्राम रवान में स्वच्छता अभियान भगवान भरोसे ही है। नालियां गंदगी पटी पड़ी है। जिसके कारण ग्रामीण परेशान है।

### रिक्शों को जंग खा रही, कचरा घर बेकार साबित






### नहीं हो रही है नियमित सफाई

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत द्वारा साफ सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नियमित रूप से सफाई नहीं कराई जा रही है। यहां कचरा घरों में लगे डेर का निपाटन भी पंचायत द्वारा नहीं कराया जा रहा है। जिससे यहां रख कचरा हवा में फैल रहा है। ग्राम में कचरा घर बेकार साबित हो रहे है। रहवासी क्षेत्र से दूर- दूर कचरा घर बनाए गए है, जो किसी काम के नहीं है। जिसके कारण लोगों को कचरा फेंकने में परेशानी उठानी पड़ रही है। नालियों की सफाई भी महीनों तक नहीं कराई जाती। स्थानीय लोगों ने पंचायत से नियमित साफ- सफाई कराने की मांग की है।

## कार्रवाई : 57 ठिकानों पर एकसाथ कार्रवाई, गांजा-शराब और हथियार बरामद

# ऑपरेशन निश्चय 3.0: सुबह 4 बजे शुरू हुई कार्रवाई, 85 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर क्षेत्र, रायपुर श्री अमरेश मिश्रा के निर्देशन में रायपुर रेंज के सभी जिलों रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी सहित जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में असामाजिक तत्वों एवं अवैध कार्यों में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए ऑपरेशन निश्चय 3.0 चलाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के मार्गदर्शन में 11.10.2025 के तड़के सुबह 04:00 ▸▸ शेष पेज 13 पर







### ऑपरेशन निश्चयः रेंज स्तर पर चला अभियान

पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन निश्चय 3.0 पूरे जिले में चलाया जा रहा है। ऑपरेशन निश्चय 3.0 में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा अभी तक 57 स्थानों में आकस्मिक दबिश दिया गया है। ऑपरेशन निश्चय 3.0 के तहत 12 प्रकरण में 13 आरोपियों को नशे का सामान बिक्री करते हुए गिरफ्तार कर, उनसे 3.948 किलोग्राम गांजा जप्त किया गया है। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 38 आरोपियों को गिरफ्तार कर, उनसे 133.540 लीटर शराब जप्त किया गया। इसी क्रम में अपने पास धारदार हथियार रखने वाले 03 आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। ऑपरेशन निश्चय 3.0 के तहत पुलिस टीम द्वारा शांति व्यवस्था बाधित करने वाले 31 आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।



# सुआ नृत्य है दीपावली की सांस्कृतिक आत्मा

### गांव की बेटियों ने थामा परंपरा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल उनके धार्मिक और सामाजिक जीवन को समृद्ध करता है, बल्कि उनके सांस्कृतिक गर्व और पहचान को भी बनाए रखता है, सुआ नृत्य को तोता के लिए नृत्य भी कहा जाता है, छत्तीसगढ़ की संस्कृति का एक प्रमुख लोकनृत्य है । सुआ नृत्य मुख्यतः महिलाएं करती हैं. दीपावली के समय इसका आयोजन खासतौर पर होता है । यह नृत्य छत्तीसगढ़ की जनजातियों, विशेष रूप से गोंड, बैगा और हल्बा जनजातियों में प्रचलित है, जो इसे अपनी सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मनाते हैं. वर्तमान दौर में यह नृत्य आदिवासी परंपराओं से आगे बढ़कर अब सामान्य संस्कृति का हिस्सा बन चुका है। सुआ नृत्य करने वाली टीम से बात की और इसके बारे में जाना । पढ़ाई और शिक्षा तो जरूरी हैं लेकिन साथ में हमारी संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए गांव की लड़कियां एकजुट हुई हैं ।

■ गांव से शहर तक दीपावली में गूंजता है सुआ गीत, बढ़ती है सामाजिक एकता

### सामाजिक एकता को देता है बढ़ावा

सुआ नृत्य के महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि गांव हो या शहर हर तरफ दीपावली के अवसर पर छोटी बच्चियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक सुआ नृत्य करते दिखाई देती हैं । यह केवल एक सांस्कृतिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह धार्मिक और सामाजिक परंपराओं से भी जुड़ा हुआ है। इस नृत्य के माध्यम से महिलाएं अपनी फसल कटाई के बाद की खुशियों को साझा करती हैं, आने वाले समय के लिए समृद्धि की कामना करती हैं, यह नृत्य सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा देता है, क्योंकि इसे सामूहिक रूप से आयोजित किया जाता है, जिसमें गांव के सभी लोग हिस्सा लेते हैं, सुआ नृत्य करने वाली प्रमुख महिला ने बताया कि सुआ नृत्य गांव वालों के लिए त्यौहार है । इसे दिवाली में मनाते हैं, साथ ही शिव और पार्वती की शादी भी करते हैं। सुआ हमारी सांस्कृतिक और पारंपरिक नृत्य है, ज्यादातर इसे गांव के लोग करते हैं । गांव में ही आयोजन किया जाता हैं । अभी के लोग ज्यादा जानते नहीं हैं, इस परंपरा को हम आगे बढ़ा रहे हैं ताकि आगे की पीढ़ी भी इसे अपनाएं ।

# हाईवा एवं कार की टक्कर कार चालक बाल बाल बचा

**बंगोली ।** ग्राम मूरा-धनसुली पत्थर खदान तिगड्डा चौक मे विगत रात्रि हाईवा व कार की आमने सामने भिड़ंत से कार के परखच्चे उड़े । जानकारी के अनुसार देर रात्रि लगभग 11 बजे हाईवा क्रमांक सीजी 04 पीआर 5621 मालक बेनीप्रसाद गुप्ता क्रेशर की है जो कि रात्रि क्रेशर जा रहे थे वहीं कार सीजी 15 डीजी 4516 मालिक मोहरदास कोसले की है जो ग्राम मूरा जा रहे थे । दोनों मूरा धनसुली क्रेशर तिगड्डा चौक मे आपस मे जोरदार भिड़ंत होने से कार की सामने भाग की परखच्चे उड़ गये । कार चालक कूदकर अपनी जान बचाई मामूली चोटें आई है, वहीं हाईवा चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया ।मामला की रिपोर्ट पुलिस थाना खरोरा मे दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है ।



# शराब दुकान में झड़प, ओवररेटिंग को लेकर एफसीआई कर्मियों और ग्रामीणों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अर्जुनी

स्थानीय शराब दुकान में बीते शाम को शराब खरीदी को लेकर दो गुटों में तेज झड़प देखने को मिला । प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि देर शाम को एफसीआई गोदाम के कर्मचारी (हमाल) व ग्रामीणों ने शराब खरीदी को लेकर स्थानीय शराब दुकान के कर्मचारियों अतिरिक्त रेट को लेकर विरोध किया जिस पर दुकान के कर्मचारियों द्वारा अश्लील गाली गुप्तांग व जान से मारने की धमकी दिया गया । जिससे नाराज होकर एफसीआई कर्मिकों ने विरोध प्रदर्शन किया जो कि काफी समय तक बना रहा । एक कर्मचारी ने बताया कि इस शराब दुकान में आये दिन शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा ▸▸ शेष पेज 13 पर

■ कर्मचारियों पर गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप



# धाराशिव में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुंडा

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से गत दिनों लाहोद मंडल के कार्यकर्ताओं और धाराशिव के सरपंच प्रतिनिधि और पंचों ने उनके निवास स्वर्ण भूमि रायपुर में सौजन्य मुलाकात किया गया। सौजन्य मुलाकात करने पहुंचे धाराशिव के सरपंच प्रतिनिधि और पंचों ने सीसी रोड की मांग की। जिस पर गौरीशंकर अग्रवाल की अनुशंसा पर राजमणि पटेल के घर से खूबसिंग लोधी के दुकान तक और दुरजन चंद्राकर के घर से मुक्तिधाम तक के लिए पांच-पांच लाख रुपए की स्वीकृति की गई। मुलाकात के दौरान दौलतराम वर्मा जिला विशेष आमंत्रित सदस्य केशव पटेल सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच बंशीलाल चेलक, राजू लाल वर्मा, बूथ प्रभारी गौरीशंकर चंद्राकर, बूथ प्रभारी लहरसिंह पैकरा, बूथ प्रभारी एवं कार्यकर्ता संतोष सेन, नंदू वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### स्थापना दिवस पर संघ ने किया पथ संचलन

**मुंडा ।** ग्राम पंचायत बरदा की गुड्डी चौक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अहिल्दा मंडल द्वारा विजयदशमी उत्सव पथ संचलन कार्यक्रम रखा गया जिसमें मंडल के अंतर्गत अहिल्दा, चिचिरदा, कासियारा, पंडरिया, पैजनी, बरदा, ढनढनी, बाजार भाटा के लोगों द्वारा गुड्डी चौक से डिप्रापरा दुर्गा चौक होते हुए, महामाया चौक में संपन्न हुआ जिसमें सम्मिलित तिलक राम वर्मा, योगेश कुमार वर्मा, पापू राम वर्मा, कार्तिक यादव, राजू वर्मा, मयाराम वर्मा व ग्रामवासी सम्मिलित रहे ।






## खबर संक्षेप



### रेलवे पोर्टर्स मजदूरों का रेल प्रबंधन को ज्ञापन

**रायपुर।** रेलवे लायसेंसी पोर्टर्स मजदूर सहकारी संस्था द्वारा रेल्वे में निजी बैटरी कार परिचालन को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा तथा दिप्तेश चटर्जी के नेतृत्व में 10 अक्टूबर को मंडल रेल प्रबंधक दयानंद को ज्ञापन सौपा गया। साथ ही मांग की गई कि निविदा में लगेज नहीं ढोने तथा भविष्य में कभी भी संशोधित कर नहीं बदला जाए तथा ऐसा करने पर कार्यवाही की मांगी की गई।

### दीपावली पर्व पर भंडारा उपहार सामग्री वितरण

**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित आशाराम बापू आश्रम की ओर से जरूरतमंद की सेवा के लिए 2 स्थलों पर भंडारा वितरण कार्यक्रम आयोजित है। पहला भंडारा 12 अक्टूबर ग्राम कोरर, जिला कांकेर में आयोजित होगा। इसमें आदिवासी परिवारों को आवश्यक वस्तुएं वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे किया जाएगा। दूसरा भंडारा 18 अक्टूबर को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित लवकुश वाटिका में होगा। इस मौके पर गरीब व जरूरतमंदों को उपहार सामग्री प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

### नरेंद्र सिंह के स्मृति में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह



**रायपुर।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ संस्था के द्वारा राज्यभर के विभिन्न जिलों में शिक्षकों तथा अन्य क्षेत्रों में कार्यरत शासकीय कर्मचारियों तथा पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस दौरान महासमुंद, राजनांदगांव, कोंडागांव, सारंगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर आदि विभिन्न जिलों के उत्कृष्ट व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल एवं संस्था के अध्यक्ष मीना भारद्वाज ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ. निधि चंद्राकर, डॉ. राजेंद्र पाटकर, नारायण पांडे, मोहित शर्मा उपस्थित रहे।

### कांग्रेस जिला अध्यक्ष बनाने विधानसभा के पूर्व प्रत्याशियों का समर्थकों पर दबाव



**रायपुर।** कांग्रेस जिला अध्यक्षों के नामों के मंथन में ब्लॉक में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के बीच मंथन का दौर जारी है, इस बीच यह जानकारी निकलकर सामने आ रही है कि विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों द्वारा अपने समर्थकों पर उनकी पसंद के लोगों के नाम लेने का दबाव है।
यहां पर आ रही भीड़ उनके समर्थक ही ज्यादा आ रहे हैं। बताया जाता है जिस तरह का माहौल है उनमें कार्यकर्ता यहां वहां घूम रहे हैं। ग्रामीण जिला अध्यक्ष के लिए जो नाम सामने आए हैं। यहां पर ओबीसी वर्ग से नाम आगे बढ़ाने की रणनीति के बीच इसी वर्ग के लोगों की दावेदारी ज्यादा देखने को मिल रही है। पूर्व जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा जो पांच साल से अध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं। वे फिर से दावेदारी कर रहे हैं। वहीं तीन बार के पूर्व पार्षद और एमआईसी मेंबर नाग भूषण राव यादव भी सक्रिय हैं। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से सतत संपर्क में हैं। वहीं अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय प्रवीण साहू का दावा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र पप्पू बंजारे, खिलेश्वर देवांगन, भावेश बघेल और विपिन मिश्रा इस पद के लिए लगातार कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मिल रहे हैं। केंद्रीय पर्यवेक्षक को यहां पैनल तैयार करेंगे।

**पर्व : गुरुतेगबहादुर जी की 350वीं शहीदी को समर्पित यात्रा का भाटापारा में भव्य स्वागत**

# पंज प्यारों की अगुवाई में निकला नगर कीर्तन पुष्पवर्षा, झाड़ू सेवा और कीर्तन से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सिक्ख पंथ के नवें गुरु श्री गुरुतेगबहादुर जी के 350 साल शहीदी को न श्रीमन करते हुए गत 3 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को स्टेशन रोड गुरुद्वारा रायपुर से शहीदी यात्रा उनके हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए दी गई शहादत को स्मरण करते हुए निकाली गई जो 11 अक्टूबर को शहर छै बजे शाम भाटापारा के पास पुष्प वर्षा कर शहीदी यात्रा का स्वागत किया गया तत्पश्चात समाज की महिलाएं बच्चों, युवा एवं समाज प्रमुखों द्वारा बाइक जयकारा रैली के साथ तहसील ऑफिस चौक से नवनिर्माणधीन गुरुद्वारा लिंक रोड पर पंज प्यारों की अगुवाई में निर्माण कार्य प्रगति की कामना के साथ अरदास की गई।

**हिंदू धर्म की रक्षा में दी गई शहादत को स्मरण कर भक्ति, एकता और सेवा का दिया गया संदेश**

शहीदी यात्रा बाइक जयकारा रैली के साथ पालकी साहिब में विराजमान श्री गुरुग्रंथ साहिब के सामने माथा टेका, जयकारों के साथ शहीदी यात्रा अग्रसेन भवन से महारानी चौक से फव्वारा चौक पहुँची जहां पर नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा जी ने अनेक कार्यकर्ताओं के साथ पंज प्यारों को पुष्पहार से स्वागत किया साथ ही पालकी साहिब में श्री गुरुग्रंथ साहिब जी को माथा टेककर नगरवासियों के लिए मंगलकामना की।सिंधी समाज मुखी द्वारा स्वागत किया गया , अनेक सामाजिक एवं गैर सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया आभार व्यक्त करते हुए अध्यक्ष त्रिलोक सलूजा एवं कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा सभी को आभार स्वरूप साल देकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### महिलाओं और युवाओं की रही सराहनीय भागीदारी

नगरकीर्तन हटरीबज़ार स्थिति पंजाबी गुरुद्वारा में सम्पन्न हुआ, श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के सुखासन पश्चात रायपुर से शहीदी यात्रा के साथ विशेष अतिथियों का सरोपा भेंटकर आभार कियाट गया, श्री गुरुद्वारा साहिब में संगत के लिए लँगर की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन में समाज के सभी वर्ग का अटूट सहयोग मिला जिसमें बड़े बुजुर्गों के साथ युवा टीम और महिलाओं का सहयोग एवं सहभागिता उल्लेखनीय रही जिसके लिए समाज अध्यक्ष सरदार त्रिलोक सिंह सलूजा एवँ कार्यकारी अध्यक्ष अरुण छाबड़ा बंटी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

### सांप्रदायिक सौहार्द का बना उदाहरण

यहाँ से शहीदी यात्रा स्थानीय पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीरतन के रूप में आगे बढ़ा जिसमें जल वर्षा के साथ साथ सड़क पर झाड़ू सेवा और पुष्प बिछाकर पंज प्यारों के साथ पालकी साहब गाड़ी में गुरुग्रंथ साहिब जी और उनके बाद स्त्री सतसंग समूह द्वारा कीरतन करते हुए आगे बढ़ रहे थे भाटापारा विधानसभा के युवा विधायक श्री इंद्र कुमार साव जी एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया , मुस्लिम समुदाय द्वारा जय हिंद होटल के पास शीतल पेय की व्यवस्था रखी गई थी साथ ही पंजाब में बाढ़ त्रासदी झेल रहे परिवारों के सहयोग हेतु मुस्लिम समाज द्वारा एकलाख सात सौ छियासी रुपये की सहयोग राशि भी दी गई , जिसमें प्रमुख रूप से जमील खांन , सलीम खान , हाजी इकबाल एवं समाज प्रमुख उपस्थित थे ।

## युवाओं की मोटरसाइकिल रैली और कीर्तन-लंगर ने बढ़ाई आयोजन की गरिमा

**सिमगा ।** आज सिमगा नगर में सिख धर्म के नौवें गुरु धन धन श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ सिख समाज द्वारा भव्य शहीदी यात्रा निकाली गई। सिमगा नगर में सिख समाज एवं नगर वासियों ने इस यात्रा का खालसाई शान और श्रद्धा के साथ स्वागत किया। युवा सिख संगठन द्वारा बनसांकरा से मोटरसाइकिल रैली के साथ यात्रा प्रारंभ की गई, जो गुरुद्वारा नानक दरबार पहुंची। वहां पंज प्यारों की उपस्थिति में अरदास की गई और प्रसाद वितरण के उपरांत नाश्ते का लंगर लगाया गया।

■ **नगरवासियों ने श्रद्धा और सेवा से किया खालसाई यात्रा का स्वागत**

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु तेग बहादुर जी सिख धर्म के ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने धर्म, मानवता और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शहादत न केवल सिख समुदाय बल्कि पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जब मुग़ल शासक औरंगजेब द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था, तब गुरु तेग बहादुर जी ने "सबका धर्म बचाने के लिए अपना शीश दे दिया, पर सिर नहीं झुकाया। उन्होंने आगे कहा कि आज के युग में गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएं पहले से अधिक प्रासंगिक हैं धर्म की रक्षा, मानवता की सेवा, और समानता का संदेश हर इंसान के जीवन का मार्गदर्शन करना चाहिए। उन्होंने उपस्थित संगत से गुरु के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया और कहा कि ऐसी यात्राएँ समाज में एकता, भाईचारे और मानवता का संदेश फैलाती हैं। जय स्तंभ चौक पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने यात्रा पर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अमरजीत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह, प्रितपाल सिंह, सन्नी भाटिया, गगन भाटिया, रिंकू भाटिया, गुरमीत सिंह, कुलवंत मान, जंगबहादुर भाटिया, मंजीत भाटिया, बिट्टू भाटिया, गोगजी भाटिया, काकू भाटिया, रवि भाटिया, माया सलूजा, करन भाटिया, सोनू सलूजा, मनीष सलूजा, जयदीप भाटिया, जश्नदीप भाटिया, राज भाटिया, अंकुश भाटिया, दशरथ चंद्राकर, किशन एडवानी, कन्हैया पंजवानी, विजय एडवानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरा नगर "वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह" एवं हिंद दी चादर गुरु तेग बहादुर के जयकारों से गूंज उठा और नगर का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक और श्रद्धामय बना रहा।

## साव बोले- आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की भी अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान वोकल फॉर लोकल को लेकर आज देश में जो वातावरण बना है, यह बताता है कि आमजन इस अभियान से स्वस्फूर्त जुड़कर भारत को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में छत्तीसगढ़ की भी अपनी अहम भूमिका है। छत्तीसगढ़ की परंपरागत कला-संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्थापित करने की दिशा में हम काम कर रहे हैं। इनमें बस्तर की लोक कला, जशपुर की कॉफी, महिला स्व-सहायता समूह के हर्बल उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का काम हो रहा है। बस्तर आर्ट, डोकरा, टेराकोटा भारत की सांस्कृतिक आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनकर उभरे और जैविक और प्राकृतिक खेती से किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं। श्री साव ने शनिवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, भाजपा पूरे देश में स्वदेशी अपनाने के आग्रह के साथ एक व्यापक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर पंडित दीनदयाल जयंती से लेकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चला रही है। इस अभियान के कार्यक्रम लगातार चल रहे हैं। श्री साव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से देश के अंदर काफी काम हुए हैं। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, देश की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन हुए।




**मोदी ने दिया आत्मनिर्भर भारत का मंत्र**

श्री साव ने कहा, कोरोना काल में ही प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का मंत्र दिया और उस पर काम करना चालू किया। इन सब बातों को लेकर आत्मनिर्भर भारत हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी अभियान को लेकर हम चल रहे हैं।

## बिहार चुनाव में कुछ प्रत्याशियों के नामांकन में जाएंगे प्रदेश के मुख्यमंत्री और डिप्टी मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिहार में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव में पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन का दौर प्रारंभ हो गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और दोनों डिप्टी सीएम भी कुछ प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल होने जाएंगे। बिहार के मंत्री रहे नितिन नवीन छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। ऐसे में इस बात की संभावना ज्यादा है कि उनके नामांकन में प्रदेश के कई नेता जाएंगे। राष्ट्रीय संगठन से जिनको जाने के निर्देश मिलेंगे वे जाएंगे। इसी के साथ प्रदेश के मंत्रियों, विधायक, सांसदों से लेकर भाजपा के कई नेता प्रचार करने जाएंगे। भाजयुमो का एक दल दिल्ली में प्रशिक्षण के लिए गया है, इसके बाद यह दल बिहार चुनाव में मोर्चा संभालेंगे। यहां के नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी भी मिलेगी। प्रदेश के नेताओं को बिहार चुनाव में जाने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से निर्देश का इंतजार है। वहां से निर्देश आने के बाद तय होगा कि यहां से कितने नेता जाएंगे।





प्रदेश के कई बड़े नेता वहां पर प्रचार भी करने जाएंगे। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश का महिला और एसटी मोर्चा वहां का दौरा कर चुका है। संभावना यही है कि ज्यादातर नेता दीपावली के बाद ही जाएंगे। बिहार के विधानसभा चुनावओं का ऐलान हो चुका है, वहां पर दो चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण के लिए नामांकन भरे जा रहे हैं। नामांकन के लिए भी अलग-अलग राज्यों के नेताओं को बिहार भेजा जा रहा है। प्रदेश के भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और दोनों डिप्टी सीएम भी नामांकन में जाएंगे और नामांकन रैली में शामिल होंगे।

### दीपावली के बाद जाने की संभावना

*इस चुनाव में भी हमेशा की तरह भाजपा कई राज्यों के नेताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी देगी। प्रदेश के भाजपा नेताओं को भी वहां जाने का मौका मिलेगा, लेकिन अभी तय नहीं है कि बिहार चुनाव में किन-किन नेताओं को जाना है। भाजपा नेताओं का कहना है कि दिल्ली से प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के पास निर्देश आएंगे, इसके बाद यहां पर टीमें बनेंगी और तय होगा कि कौन-कौन कब जाएगा। दोनों चरणों के चुनाव के लिए अलग-अलग टीमें वहां जाएंगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रदेश की भाजपा सरकार के कुछ मंत्रियों को भी वहां पर प्रचार का जिम्मा मिल सकता है। चुनाव का ऐलान होने से पहले प्रदेश की महिला मोर्चा की टीम जहां बिहार में दस दिनों का दौरा करके आई है, वहीं एसटी मोर्चा का भी एक दल दस दिनों तक वहां पर विधानसभा में जाकर आया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि एक सप्ताह बाद तो दीपावली है, ऐसे में संभावना यही है कि ज्यादातर नेता दीपावली के बाद ही अपनी जिम्मेदारी वाली विधानसभाओं में जाकर मोर्चा संभालेंगे।*

**केंद्रीय पर्यवेक्षक ने की वन-टू-वन मुलाकात**

**संगठन की मजबूती कार्यकर्ता के एकजुट प्रयास से ही संभव**

## विधानसभावार ब्लॉक पदाधिकारियों से चर्चा, समर्थकों के साथ पहुंचे दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार को विधानसभा वार ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ मंथन कार्यक्रम आयोजित किए गए। रायपुर पश्चिम विधानसभा के भीमसेन भवन में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक और रायपुर उत्तर विधानसभा के दया भवन में दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक बैठक हुई। दोनों ही स्थानों पर कार्यकर्ताओं और दावेदारों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

रायपुर पश्चिम एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्रों से आए ब्लॉक पदाधिकारी और दावेदार अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व सक्रियता का प्रदर्शन किया।



हर बैठक में कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। दावेदारों ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन सृजन अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया और संगठन को मजबूत करने के संकल्प दोहराए। इस दौरान प्रतिमा चंद्राकर, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### केंद्रीय पर्यवेक्षक ने की वन टू वन चर्चा, हर राय को दिया महत्व

कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे ने दिनभर सभी पदाधिकारियों, दावेदारों और कार्यकर्ताओं से एक-एक कर मुलाकात की। उन्होंने सभी की राय, सुझाव और अनुभवों को सुना तथा कहा, हम केवल माध्यम हैं, संगठन की दिशा और निर्णय कार्यकर्ता तय करेगा। कांग्रेस की आत्मा उसका कार्यकर्ता है। उन्होंने आगे कहा, संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक भागीदारी के माध्यम से एक सशक्त, पारदर्शी और सक्रिय संगठन का निर्माण करना है।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

संगठन सृजन के छत्तीसगढ़ की ओर से सह प्रभारी पूर्व विधायक शैलेश पांडे पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने जानकारी दी।

## फसल के सर्वे में मकान की भी गिरदावरी संभागायुक्त को मिलीं निरीक्षण में गलतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में फसलों की गिरदावरी सत्यापन का कार्य जारी है। कलेक्टर से लेकर अन्य अधिकारी भी लगातार इसका निरीक्षण कर रहे हैं। रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे शनिवार को धमतरी जिले की कुरुद तहसील अंतर्गत ग्राम चर्रा में जाकर कई किसानों के खेतों में पहुंचे और गिरदावरी सत्यापन का निरीक्षण किया। इस दौरान एक किसान के फसल लगे खेत के एक हिस्से में मकान निर्मित पाया, जिसे पटवारी ने गिरदावरी में शामिल कर दिया था। संभाग आयुक्त ने संबंधित पटवारी को तत्काल त्रुटि सुधारने के निर्देश देते हुए मकान के हिस्से को गिरदावरी से कम करने को कहा। संभागायुक्त महादेव कावरे ग्राम चर्रा में गिरदावरी सत्यापन कार्य का निरीक्षण करने किसान मिश्रीलाल साहू के खसरा नंबर 999 रकबा 0.73 हेक्टेयर भूमि में धान फसल का अवलोकन किया। इस दौरान भूमि के एक हिस्से में मकान निर्मित पाया। इस पर संभागायुक्त ने पटवारी बिशनलाल ध्रुव को निर्देशित किया कि मकान निर्मित क्षेत्र को गिरदावरी से कम किया जाए। किसान मिश्रीलाल साहू ने बताया कि उन्होंने एग्रिस्टेक पोर्टल में अपना पंजीयन कराया है तथा वे इस वर्ष भी बीज निगम को धान विक्रय करेंगे। पिछले वर्ष उन्होंने बीज निगम को 3600 प्रति क्विंटल की दर से धान बेचा था।



### 30 अक्टूबर तक सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश

संभागायुक्त ने बताया कि फसल गिरदावरी सत्यापन कार्य 30 अक्टूबर तक पूर्ण किया जाना है। उन्होंने संभाग के सभी कलेक्टरों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी सहित अन्य राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



### सीएम साय के निज सहायक तुलसी कौशिक का आत्मीय स्वागत

**मुंडा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निज सहायक तुलसी कौशिक 11 अक्टूबर को बलौदाबाजार जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहे। इस दौरान पलारी, कोहरौद और बलौदी गांवों में धोबी समाज के पदाधिकारियों ने आरती उतारकर व पुष्पमाला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए सामाजिक एकता पर जोर दिया। संत गाडगे जयंती को प्रदेश स्तर पर धूमधाम से मनाने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष झड़ी राम कनौजे, प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक सहित समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**पेज 11 के शेष**

### ऑपरेशन निश्चय ...

बजे अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार एवं हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग 25 टीमों द्वारा नशे के सामानों की बिक्री/तस्करी करने वाले आरोपियों, स्थाई वारंटी एवं शांति व्यवस्था बाधित करने वाले लोगों के संभावित ठिकाने पर पुलिस टीम द्वारा एक साथ दबिश दिया गया।

### शराब दुकान में ...

ओवररेट पर शराब बेचा जाता है, तय कीमत से 10 से 20 रुपये अधिक लिया जाता है, शिकायत करने पर धमकाया जाता है । जिसकी शिकायत पर भी अधिकारियों द्वारा महज खानापूर्ति किया जाता है, जिससे ग्रामीणों में उग्र विरोध का मन बनता जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बतलाया कि इस दुकान से दूर दराज तक अवैध बिक्री के लिए कोचियों को शराब तक उपलब्ध कराया जाता है, जो कि अवैधानिक है। मामले की जानकारी तक देर रात तक ओवर रेट पर शराब बिकता रहा जो कि आबकारी विभाग के नीति व रीति के दोहरे चरित्र को दर्शाता है । अब देखना यह है कि इस पर विभाग आम ग्रामीणों के शिकायत पर क्या कार्यवाही कर रहा है। इस संबंध में शराब दुकान के सुपरवाइजर रोहित साहू से पूछे जाने पर गाली गलौच हुआ बतलाया गया लेकिन ओवर रेट के मामले पर साफ इंकार कर दिया गया।

### झेरिया यादव समाज ...

गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। जिला अध्यक्ष कार्तिक राम यादव के नेतृत्व में आयोजन समिति के सदस्य डोर-टू-डोर प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। समाज के पदाधिकारियों और ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। सामाजिक बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

# हर घर स्वदेशी की ओर बढ़ता भारत: भाटापारा से उठी बुलंद आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत अभियान पर केंद्रित प्रेस वार्ता रखी गई। इस दौरान प्रदेश भाजपा मंत्री अमित साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष आनंद यादव शामिल हुए। कहा कि, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान 25 सितंबर (पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती) से प्रारंभ होकर 25 दिसंबर (भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती) तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है।अमित साहू ने कहा की आत्मनिर्भर भारत का यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी की देशभक्ति की अभिव्यक्ति है, जिसने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कठिन दौर में देश को अवसर में बदलने की दिशा दी। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत 'वोकल फॉर लोकल' के संदेश को फैलाने के लिए देशभर में संकल्प सम्मेलन, रथ यात्राएं और प्रदर्शनी आयोजित की जा रही हैं। प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों से आह्वान किया है 'मैं स्वदेशी खरीदता हूँ, मैं स्वदेशी बेचता हूँ।' उक्त प्रेसवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता भाजपा प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, मंडल महामंत्री उमाशंकर वर्मा, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, मनिंदर सिंह गुम्बर मुख्यरूप से उपस्थित रहे।




#### आत्मनिर्भर भारत : जन-जन का अभियान

प्रेसवार्ता को वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने सम्बोधित कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प केवल एक नारा नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण की दिशा में जन-जन का अभियान है। हर व्यक्ति हर संगठन और हर विचार जब स्वदेशी की भावना से जुड़ता है, तब भारत की शक्ति और सामर्थ्य अनेक गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान का उद्धेश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, कौशल विकास को प्रोत्साहित करना और गांव-गांव में रोजगार के अवसर पैदा करना है। शर्मा ने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि सरकार योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को भी इनका लाभ मिल सके। जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा की छत्तीसगढ़ का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में जीएसडीपी को दोगुना कर 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचाना है।

### सुहेला मंडल में निकाला गया भव्य गली भ्रमण, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सेवा का लिया संकल्प

# विजयदशमी पर संघ का शक्ति जागरण गूंजा 'भारत माता की जय' का उद्‌घोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयदशमी के पावन अवसर पर सुहेला मंडल में शक्ति जागरण एवं गली भ्रमण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन संघ के शताब्दी वर्ष की पूर्णता के उपलक्ष्य में विश्व शांति और मानव कल्याण के उद्देश्य को समर्पित था। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम तिगड्डा चौक से हुई, जहां बड़ी संख्या में स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में, अनुशासित पंक्तियों में भगवा ध्वज लेकर गली भ्रमण के लिए रवाना हुए। भ्रमण का समापन महामाया चौक पर हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् के उद्‌घोष के साथ ग्रामवासियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक रोमनाथ वर्मा थे, वहीं मुख्य वक्ता के रूप में सनत पाण्डे, विभाग सेवा प्रमुख (रायपुर), ने संबोधित किया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि विजयदशमी केवल पर्व नहीं, बल्कि यह सत्य और धर्म की विजय का प्रतीक है। हमें इस संदेश को आत्मसात करते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों और ग्रामवासियों को साथ मिलकर सामाजिक जागरूकता और सेवा के कार्यों में जुटने का आह्वान किया। ग्रामवासियों ने कार्यक्रम की भरपूर सराहना की और हर्ष प्रकट करते हुए संघ के प्रयासों की प्रशंसा की। पूरे आयोजन में अनुशासन, समर्पण और उत्साह की विशेष झलक देखने को मिली।

#### सद्भावना युवा मंच ने लिमतरा में मनाया भव्य दशहरा

**लिमतरा ।** सद्भावना युवा मंच के तत्वाधान में भव्य दशहरा का आयोजन किया गया, विदित हो की कई सालो से ग्राम लिमतरा में दशहरा का आयोजन नही हो रहा था, जिसे सरपंच नेहा मुरली शर्मा ने ग्रामवासी, युवाओं से विचार विमर्श कर पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया सभी ने सहमति दी, रामलीला का मंचन ग्राम कौशलपुर की नाट्य मंडली ने संतोष साहू के नेतृत्व में किया । आयोजन ने बड़ी संख्या में भीड़ को आकर्षित किया, बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार की दुकानें लगी, दशहरे के पश्चात रात्रि में लोककला मंच में वीरेंद्र चतुर्वेदी बिल्हा झाल की प्रस्तुति हुई। जिसमे आम जन में समा बांध दिया, काफी संख्या में दूर-दराज से लोग आयोजन को देखने पहुंचे और कार्यक्रम का आनन्द उठाया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा के भूतपूर्व विधायक माननीय शिवरतन शर्मा भी उपस्थित रहे, उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी, उन्होंने सद्भावना शब्द का अर्थ भी समझाया । इस आयोजन के संरक्षक राजेश अग्रवाल, चित्रासेन पुरोहित, मुरली शर्मा, एवं अध्यक्ष अमरदास कुर्रे, उपाध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, सचिव खिलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष रोशन गोस्वामी, सह सचिव रितेश टंडन, सदस्य गण राजेंद्र कुर्रे, प्रमोद गोस्वामी, अमित दास गजेन्द्र कुर्रे, राजकूमार निषाद, गुलाबदास बघेल, नीरज गोस्वामी, गोविंद शर्मा , गुलशन निषाद, अवध यादव सभी ने ग्रामवासियों का तथा आम जन का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया ।







# छात्रों ने सीखी सड़क सुरक्षा कसडोल में अंग्रेज़ी में की आमजनों से बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल द्वारा शनिवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के साथ आमजनों से इंग्लिश में बातचीत का आयोजन किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा जागरूकता और बोली जाने वाली अंग्रेजी पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक सुनिल देहरी, आकाश कुमार कुर्रे और गोपाल सा के मार्गदर्शन में किया गया। गौरतलब है कि छात्रों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और कसडोल नगर के गुरुघासीदास चौक, कसडोल में यातायात नियमों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता चलाया गया। साथ ही बोली जाने वाली अंग्रेजी प्रदर्शन में, छात्रों ने विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्थानीय लोगों के साथ बातचीत करके अपनी अंग्रेजी कौशल का अभ्यास किया।

- ऑक्सफोर्ड इंग्लिश स्कूल के छात्रों ने यातायात जागरूकता रैली निकाली

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती लक्ष्मी साहू ने कहा कि हमें अपने छात्रों की भागीदारी और इस पहल को सफल बनाने में शिक्षकों के प्रयासों पर गर्व है। विद्यालय के चेयरमैन सी.पी. साहू ने भी छात्रों की प्रशंसा की और कहा कि यह पहल विद्यालय के मिशन और विजन के अनुरूप है। कक्षा 8वी के छात्रों में हर्षिता कंवर, भाविका पटेल, शौर्य कोसले, निहार श्रीवास और सभी छात्रों ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, कसडोल हमेशा से छात्रों में कौशल और उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और छात्रों में नवाचार विकसित करने में अग्रसर रहा है।

# खोया मोबाइल लौटाकर नीरज पटेल ने बढ़ाया इंसानियत मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घोटिया

आज के समय में जब लोग अपने लाभ के लिए दूसरों की चीज़ें अपने पास रख लेते हैं, ऐसे दौर में किसी का खोया हुआ सामान लौटाना अपने आप में एक बड़ा उदाहरण है। ऐसा ही एक सराहनीय कार्य किया ग्राम वटगन निवासी नीरज पटेल ने।

ग्राम रसौटा निवासी देवरत यादव का मोबाइल फोन हाल ही में कहीं रास्ते में गिर गया था। बहुत ढूंढने पर भी जब मोबाइल नहीं मिला, तो वे निराश हो गए थे।



लेकिन किस्मत ने उनका साथ दिया, जब यह मोबाइल नीरज पटेल को मिला। नीरज ने बिना किसी स्वार्थ के मोबाइल को सही सलामत उसके मालिक तक पहुँचाने का निश्चय किया और देवरत यादव को अपने गांव वटगन बुलाकर स्वयं उनके हाथों में मोबाइल सौंप दिया। इस कार्य से उन्होंने न सिर्फ अपनी ईमानदारी का प्रमाण दिया, बल्कि समाज में एक प्रेरणादायक संदेश भी छोड़ा। मोबाइल वापस मिलने पर भावुक हुए देवरत यादव ने नीरज पटेल का तहे दिल से आभार प्रकट किया और कहा कि मैं अत्यंत आभारी हूँ कि आज भी समाज में ऐसे ईमानदार और दयालु लोग मौजूद हैं। आपकी सच्चाई और सहयोग के लिए मैं हृदय से धन्यवाद करता हूँ।

# मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं संकुल अर्जुनी में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। अंकेक्षण का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में प्रदर्शिता जवाब देही एवं सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ बनाना है। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं बल्कि प्रत्येक छात्र में गुणवत्तापूर्ण अधिगम सुनिश्चित करना है।

अंकेक्षण के दौरान भौतिक संसाधनों विद्यालय परिसर की साफ सफाई शिक्षकों की नियमित उपस्थिति मध्यान भोजन एवं बच्चों के बौद्धिक दक्षता की जांच की गई। शासन के उक्त अभियान के अंकेक्षणकर्ता यामिनी वर्मा, शाला समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल कटारे, शंकरलाल रजक, सेवानिवृत शिक्षक आर आर साहू, दिनेश सेन, विद्यालय के प्रधान पाठक वंदना साव, संकुल समन्वयक गोपाल सिंह वर्मा, शिक्षिका अनुराधा वैष्णव, मीना देवांगन, शिक्षक जयप्रकाश यदु एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।



#### मुंडा के पूर्व माध्यमिक शाला में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्य



**मुंडा ।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पूर्व माध्यमिक शाला में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न किया गया। सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम में अंकेक्षण कर्ता ग्राम के सरपंच शाला प्रबंधन विकास समिति के पदाधिकारी पंच गणमान्य नागरिक पालक शाला स्टाफ और छात्रा से छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के लिए सामाजिक अंकेक्षण कार्य को संपन्न करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण कर्ता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोलिहा के शिक्षिका सीमा पांडेय ने सफलतापूर्वक संपन्न कराया। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था शिक्षक गुणवत्ता विद्यार्थियों की उपस्थिति परीक्षा परिणाम और उपलब्ध संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथी यह भी देखा गया कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ बच्चों तक किस प्रकार पहुंच रहा है। सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम में सरपंच शशिकला पांडेय, शिक्षाविद जागेश्वर वर्मा, सदस्य चंद्रविष्णु वर्मा, पंच पितांबर रजक, दूजराम वर्मा, प्रधान पाठक ममता चौहान, शिक्षिका अंजू साहू, संतोषी जायसवाल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# लोक मंजीरा चिन्हारी की प्रस्तुति ने मोहा मन, पायल साहू के गीतों पर झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

दशहरा उत्सव समिति पलारी के तत्वाधान में दशहरा मैदान में आयोजित लोक मंजीरा 'चिन्हारी' कार्यक्रम ने स्थानीय संस्कृति की शानदार झलक पेश की। कार्यक्रम की मुख्य गायिका पायल साहू और आकाश चंद्राकर ने अपनी मनमोहक छत्तीसगढ़ी प्रस्तुतियों से दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। "ए जिनगी के नइये ठिकाना", "लहर गंगा" और "तोर मया के मारे" जैसे लोकप्रिय गीतों ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



तेज बारिश के बावजूद समिति के सदस्यों की प्रतिबद्धता से कार्यक्रम समय पर शुरू हुआ। पारंपरिक करमा, ददरिया, पंथी, सुआ और गौरा-गौरी गीतों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का रंग बिखेरा। हास्य प्रसंग "लेड़गा के बिहाव" ने समाज की कुरीतियों, विशेषकर दहेज प्रथा पर व्यंग्य करते हुए शिक्षाप्रद संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू ने कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कार्यक्रम का सफल आयोजन समिति की मेहनत का प्रतीक है। उन्होंने लोक कलाकारों को पारंपरिक संस्कृति को सहेजने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया।

**इन्होंने दिया महत्वपूर्ण योगदान:** इस अवसर पर उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, इंद्रदेव वर्मा, हितेंद्र ठाकुर, रोहित साहू, पार्षद लेखराम वर्मा, नेमसिंह बांधे, नारायण धीवर, कुमार धीवर, घनश्याम धिरहे, एडवोकेट बी एल वर्मा, बृजमोहन साहू, झाडिराम कनौजे, खूबीराम कनौजे, यमलोक साहू, डॉ धीवर, संतोष देवांगन, मनीष चन्द्राकर, साधराम साहू, ऋषि साहू, पुनीत रजक सहित समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




**सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा**
10 अक्टूबर 2025 SHOW TIME
कांतारा-2
शो समय -12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
सायरा खान केस
शो समय - 3:00 PM, 9:00 PM
कंट्रोल
शो समय - 6:00 PM
जय सीतला मईया (सीजी)
शो समय - 12:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप



### भीम आर्मी ने मनाई कांशीराम की पुण्यतिथि

**भटगांव।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ जिला इकाई सारंगढ़–बिलाईगढ़ द्वारा ग्राम सलोनीकला में बहुजन समाज के महान नेता व समाज सुधारक साहब कांशीराम की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार जांगड़े तथा अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आपुर बंजारे ने की। वक्ताओं ने कांशीराम के संघर्षपूर्ण जीवन, विचारधारा और सामाजिक न्याय के मिशन पर प्रकाश डाला। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अंत में आपुर बंजारे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### पिटियाझर में पुराने विवाद के चलते मारपीट



**महासमुंद।** पुराने विवाद को लेकर पिटियाझर के व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट करते हुए उसके घर के खिड़की का शीशा तोड़ दिया। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।
पुलिस को वार्ड 23 पिटियाझर निवासी विक्की विश्वकर्मा ने बताया कि गणेश विसर्जन के समय प्रेमलाल यादव के साथ उसका वाद-विवाद हुआ था, उसी बात को लेकर 10 अक्टूबर की रात प्रेमलाल यादव, प्रेमलाल साहू और खेमू ध्रुव उसके घर के पास आए और पत्थर उठाकर घर में मारने लगे, जिससे उसके घर की खिड़की का शीशा टूट गया। जब प्रार्थी ने मना किया तब सभी ने एक राय होकर मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 324(4), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 13 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस परीक्षा का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति से परिचित कराते हुए उनके अंदर नैतिक, चारित्रिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास करना है। यह परीक्षा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी विकासखंडों में एक साथ होगी। इस वर्ष जिले के लगभग 12,150 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें से महासमुंद विकासखंड से 3377, बागबाहरा से 1350, पिथौरा से 950, बसना से 1869 तथा सरायपाली से 4484 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। परीक्षा के लिए सभी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों को प्रश्नपत्र एवं ओएमआर शीट वितरित कर दी गई हैं। परीक्षा केंद्र स्थानीय विद्यालयों में बनाए गए हैं तथा परीक्षा सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगी।

# स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व नशे की रोकथाम के लिए सभी को आना होगा आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय सर्किट हाउस में पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा मासिक बैठक एवं शरद पूर्णिमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महामंत्री डी.पी. जैन ने उन्हें शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अशोक जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि पेंशनर्स समाज के अनुभवी स्तंभ हैं, जिनके अनुभव से नगर और समाज को दिशा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिसे रोकने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई बनाए रखना और पर्यावरण संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य नगर बलौदाबाजार को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाना है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एस.एम. पाध्ये, कार्यकारी अध्यक्ष के.एल. महिलांगे और तहसील इकाई अध्यक्ष एस.डी.पड़वार ने भी सभा को संबोधित किया। श्री पाध्ये ने पेंशनर्स संघ की कुछ मांगें रखीं, जिन पर मुख्य अतिथि ने तत्काल सहमति देते हुए सकारात्मक निर्णय की घोषणा की।

## पेंशनर्स एसोसिएशन ने नपाध्यक्ष अशोक जैन का किया सम्मान



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त प्रो. जय नारायण केसरवानी ने किया तथा आभार प्रदर्शन के.एल. महिलांगे ने किया। उन्होंने नगर विकास में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह में पार्षद गौतम सिंह चौहान, रवि साहू, गुरुदत्त तिवारी, प्रांतीय महामंत्री डी.पी. जैन, जिलाध्यक्ष एस.एम. पाध्ये, तहसील अध्यक्ष एस.डी. पड़वार, राजेंद्र कुमार मिश्रा, नेहरू लाल यादव, डी.डी. घृतलहरे, अरुण महेश्वरी, कांशीराम साहू, हीरालाल साहू, लता कश्यप, चैतराम साहू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स सदस्य उपस्थित रहे।

## बलौदाबाजार वनमंडल ने आरोपों को किया खारिज, फोटो और वीडियो को बताया प्रामाणिक

# वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी के परिणाम पर संदेह का कुहास, निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

### प्रतियोगिता के परिणामों पर उठे सवाल, प्रथम पुरस्कार निरस्त करने की हो रही है मांग

वन्य जीवन संरक्षण हेतु गठित पंजीकृत संस्था वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष निखिलेश त्रिवेदी ने बारनवापारा अभयारण्य प्रबंधन द्वारा आयोजित वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी प्रतियोगिता के परिणामों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने प्रथम पुरस्कार को निरस्त करने की मांग राज्य सरकार एवं प्रशासन से की है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि वन्य जीवन छायांकन की एक आचार संहिता होती है, जिसके अनुसार बंदी अवस्था में रखे गए प्राणियों या चिड़ियाघर में खींचे गए चित्रों को प्रतियोगिता हेतु उपयुक्त नहीं माना जाता। उनके अनुसार, प्रतियोगिता में जिस बाघ की तस्वीर को प्रथम पुरस्कार दिया गया है, वह नया रायपुर स्थित जंगल सफारी में खींची गई है, जो किसी प्राकृतिक अभयारण्य का हिस्सा नहीं है बल्कि मानव निर्मित वन विहार है। उन्होंने कहा कि वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी में उच्च नैतिक मानदंडों का पालन आवश्यक है। देशभर के प्रमुख फोटोग्राफी समूह और वेबसाइट्स भी "वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी एथिक्स" के तहत ऐसे चित्रों को स्वीकार नहीं करते। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य के वन अधिकारी अक्सर विषय विशेषज्ञों से सलाह लिए बिना ही निर्णायक भूमिका निभा लेते हैं, जबकि उन्हें वन्यजीव छायांकन की तकनीकी जानकारी सीमित होती है। हालांकि श्री त्रिवेदी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था, किंतु देश के विभिन्न टाइगर रिजर्व्स में 500 से अधिक बाघों, बाघिनों और उनके शावकों का छायांकन किया है। इस नाते, यदि उनके गृह जिले की प्रतियोगिता में कोई त्रुटि दिखी, तो उसे इंगित करना उनका दायित्व है।



### वनमंडल ने किया आरोपों का खंडन

बलौदाबाजार वनमंडल ने इस विवाद पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि "वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी कॉम्पटीशन 2025 – कैप्चर टू कन्सर्व" में प्रथम पुरस्कार प्राप्त फोटो प्रीडेटर्स ऑफ डिफरेंट स्पीशिस पूर्णतः मौलिक और असंपादित है। वनमंडल के अनुसार, यह फोटो प्रतिभागी अश्विनी तिर्की द्वारा नवंबर 2024 में खींचा गया था। इस दृश्य का वीडियो उनके सहपाठी लक्ष्मीकांत साहू ने बनाया था। दोनों ही प्रतिभागी एएएफटी यूनिवर्सिटी, खरोरा के वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी स्नातक हैं। फोटो और वीडियो दोनों उपलब्ध हैं, जो चित्र की प्रमाणिकता की पुष्टि करते हैं। वनमंडल ने कहा कि प्रतियोगिता की पारदर्शिता पर लगाए गए आरोप भ्रामक और निराधार हैं। उक्त फोटो का मूल संस्करण और संबंधित वीडियो "जंगल सफारी रायपुर" के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर देखा जा सकता है।

# अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग की पहल सराहनीय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों की लगभग 50 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आत्मविश्वास और करियर जागरूकता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना था। संयंत्र में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने ग्रामीण बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उनके प्रश्नों के उत्तर दिए और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ी गीत, कविताएँ, नृत्य और भाषण प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। बालिका शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर उनके विचारों ने सभी उपस्थित जनों को प्रभावित किया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित इस सार्थक पहल में संयंत्र कर्मियों सविता वर्मा, प्रीतम पटेल, तारणी राजपूत, उमाशंकर धीवर, रामा साहू, हेमलाल साहू एवं मनोज वर्मा का विशेष योगदान रहा। उनके समर्पण और सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट का ग्रामीण विकास विभाग लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है।

# एक मंच एक मांग अभियान को नई रफ्तार देने नवंबर से चलाएंगे हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां

अंबिकापुर जनपद सभागार में 'एक मांग एक मंच' अभियान की प्रादेशिक बैठक संपन्न हुई, जिसमें पांच प्रदेश अध्यक्षों और एक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि नवंबर से पूरे प्रदेश में मुख्य सचिव के नाम एक सूत्री मांग को लेकर 33 दिवसीय हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता अभियान के नेतृत्वकर्ता करन सिंह अटेरिया ने की। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि प्रदेश के कर्मचारी अपने महंगाई भत्ते और उसके एरियर्स के लिए एकजुट होकर आगे आएं।



हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत अंबिकापुर जिले से होगी।

बैठक में छग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पांडे ने अभियान का नाम "एक मंच, एक मांग, हर कर्मचारी अधिकारी का स्वाभिमान" रखने का प्रस्ताव दिया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर, मीना राजवाड़े, सुजान बिंद सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने किया।

अभियान का उद्देश्य सात वर्ष से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स का भुगतान सुनिश्चित कराना बताया गया।

### महासमुंद और बसना में शराब की अवैध बिक्री के तीन मामले

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री के तीन मामलों में कोतवाली और बसना पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई की है। इस दौरान आरोपियों के कब्जे से शराब जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार महासमुंद कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने पर तुमाडबरी नहर पार के पास से आरोपी ओमकार विश्वकर्मा पिता मनीराम विश्वकर्मा (26 वर्ष) निवासी ग्राम बेमचा वार्ड नंबर 06 थाना महासमुंद के कब्जे 20 पौवा रोमियो मसाला देशी शराब, कीमत 2000 रुपए एवं 10 पौवा शोले प्लेन शराब कीमत 800 रुपए कुल 30 शीशी, कीमत 2800 रुपए को जब्त किया गया। कोतवाली पुलिस मुखबीर की सूचना पर आरोपी नोहर साहू पिता स्व रामशरण साहू (55 साल) वार्ड नं 27 पुराना सिविल लाईन महासमुंद के कब्जे से 49 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3920 रुपए एवं नगद बिक्री रकम 230 रुपए को जब्त किया गया।

# धार्मिक जगह पर नशाखोरी के नए अड्डे को नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

धर्मनगरी भाटापारा में नई अंग्रेजी शराब दुकान खोले जाने को लेकर आम जन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्राइम लोकेशन में दानवीर भामाशाह चौक के ठीक सामने दुकान खोले जाने के विरोध में हर वर्ग के लोग शामिल हो रहे। जन भावनाओं को देखते हुए युवा ब्राह्मण समाज भाटापारा के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने भी इसका विरोध किया है। उपाध्याय ने कहा कि भाटापारा के प्रवेश द्वार पर प्रीमियम शराब दुकान खोलना भाटापारा की धार्मिक संस्कृति परंपरा पर कलंक है। जहां प्रदेश भर में भाटापारा का नाम धार्मिक आयोजनों विशेष कर राम नाम के नाम से जाना जाता है, वही भाटापारा शहर के प्रवेश द्वार पर शराब दुकान खोलना दुर्भाग्य जनक है। तीन बड़ी स्कूल, यज्ञ स्थल, भामाशाह की मूर्ति, फैमिली रेस्टोरेंट तथा सामाजिक भवन के पास अंग्रेजी शराब दुकान खोलने से कहीं ना कहीं शांतिपूर्ण वातावरण का दूषित होने का खतरा बना रहेगा। हाल फिलहाल में देखा जाए तो नगर में नशाखोरी के कारण लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़छाड़ तथा दुर्घटना जैसी घटनाएं आम सी दिखने लगी है। इस पर लगाम लगाने की बजाय सरकार ने नशाखोरी का एक और अड्डा नगर के प्रवेश द्वार पर खोल दिया है।

- फ़िल्टर प्लांट नगर पालिका कॉम्प्लेक्स परिसर में खुली नई शराब दुकान का विरोध

### प्रीमियम शराब दुकान का पुरजोर विरोध

शराब दुकान खुलने के बचाव में कुछ लोगों का तर्क है कि शराब दुकान खुलने से अवैध शराब की बिक्री में कमी आएगी और शराब प्रेमियों को सस्ते में शराब मिलेगी। शराब दुकान खुलने से कुछ महंगी शराब की अवैध बिक्री थोड़ी कम हो सकती है, पर देसी शराब की बिक्री तो गांव से लेकर शहर तक धड़ल्ले से चली रही है। उपाध्याय ने पुरजोर ढंग से विरोध कर शासन प्रशासन से मांग कि जल्द से जल्द प्रीमियम शराब दुकान को नगर के प्रवेश द्वारा से हटाया जाए।

## शिवरतन शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री और सरकार के प्रति आभार

# जनता के सुगम आवागमन के लिए सड़कों का विस्तार है हमारी सर्वोच्च्य प्राथमिकता : शिवरतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने और शिवरतन शर्मा की सक्रियता से विधानसभा में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों की सौगात जनता को मिल रही है। शिवरतन शर्मा के प्रयासों से विधानसभावासियों की बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रहीं हैं इसी क्रम में सीएम समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2025-26 में पंचायत विभाग द्वारा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में ग्रामों में सड़कों के निर्माण हेतु 46 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। शिवरतन शर्मा ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और सरकार का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी।



इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने बताया कि जनता ने जिस विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ में सुशासन की सरकार बनाई है उसी प्रतिबद्धता से हमारी सरकार जनकल्याण, सुविधाओं का विस्तार एवं हर गाँव एवं शहर के विकास और अधोसंरचना निर्माण के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। जनता की मांग को देखते हुए मेरे निवेदन को स्वीकार कर वर्ष 2025-26 के मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना में शामिल भाटापारा विधानसभा के ग्राम देवरी, बोड़तरा,गाड़ाडीह, खोखली, बिटकुली, कोसमंदा, करहीबाजार, दामाखेड़ा, दरचुरा ग्रामो में 5.20 लाख - 5.20 लाख रूपये के सी सी सड़क निर्माण हेतु 46 लाख 80 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

### महत्वपूर्ण परियोजनाओं का काम प्रगति पर

शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, युवा, व्यापारी हित के लिए सार्थक प्रयासों से आज विधानसभा सहित प्रदेश में हर व्यक्ति-वर्ग के लिए जनकल्याण की योजनाओं से जीवन स्तर में सकारातमक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। हमारे विधानसभा में अबतक विभिन्न विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण, सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, सड़क,बिजली,पानी जैसी आवश्यक और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु करोडो की स्वीकृति मिली है। कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की स्वीकृति मिली है, और कई कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय पर पूरे किये जा रहें हैं वहीं प्रगति पर है।

